NATIONAL BOWELCANCER SCREENING PROGRAM

Australian Government

ID नम्बर <Consumer ID>

<Participant Given Name> < Participant Family Name >
<Preferred Mailing Address>
<Preferred Mailing Address >
<Locality> <State> <Postcode>

प्रिय <Participant Given Name> < Participant Family Name >

# आपका फ्री (नि:शुल्क) टेस्ट

## बॉउल कैंसर से प्रत्येक सप्ताह लगभग 80 ऑस्ट्रेलियाई लोगों की मृत्यु होती है।

| | |
|---|---|
| **यह क्या है?** | आपका नि:शुल्क बॉउल कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट यहाँ प्रदान किया गया है। यह महत्वपूर्ण है कि आप यह टेस्ट करें, भले ही आपको कोई लक्षण न हों। बॉउल कैंसर बिना किन्हीं लक्षणों के विकसित हो सकता है और इस टेस्ट से बॉउल कैंसर विकसित होने से पहले ही शुरूआती चेतावनी संकेतों का पता लग सकता है। यदि बॉउल कैंसर का शुरू में ही पता लगा लिया जाता है, तो 90% मामलों में बॉउल कैंसर का इलाज सफलतापूर्वक किया जा सकता है। |
| **आपको क्या करने की ज़रूरत है?** | आपकी टेस्ट किट और सूचना पुस्तिका इस पत्र के साथ प्रदान की गई है। यह टेस्ट जल्दी हो जाता है और आपके अपने घर में इसे करना आसान है। कृपया ध्यानपूर्वक निर्देशों का अनुपालन करें या प्रोग्राम हेल्पलाइन को सहायता के लिए 1800 930 998 पर फोन करें।<br><br>यदि आपको सूचना पुस्तिका में दिए कोई लक्षण हैं, या बॉउल कैंसर की आपकी पारिवारिक पृष्ठभूमि है, तो यह टेस्ट करने से पहले अपने डॉक्टर से बात करें। |
| **आगे क्या होता है?** | आपको अपना परिणाम तीन सप्ताह में मिल जाएगा। आपको अपने परिणाम के बारे में किसी डॉक्टर से संपर्क करने के लिए कहा जा सकता है। **पॉजिटिव परिणाम का यह अर्थ नहीं कि आपको बॉउल कैंसर है,** परन्तु यह शुरूआती चेतावनी संकेत हो सकता है। आपके परिणाम केवल आपको, प्रोग्राम और आपके डॉक्टर को ही उपलब्ध होंगे। |
| **क्या आपके कोई सवाल हैं?** | अपने डॉक्टर से बात करें, प्रोग्राम सूचना सेवा को 1800 118 868 पर फोन करें या हमारी वेबसाइट www.cancerscreening.gov.au देखें।<br><br>यदि आप टेस्ट नहीं करना चाहते हैं, तो सूचना पुस्तिका के पीछे दिया फॉर्म भरें और अपनी प्रयोग न की हुई टेस्ट किट कूड़ेदान में डाल दें। अपनी टेस्ट किट किसी दूसरे व्यक्ति को न दें। |

**इस टेस्ट को करने से आपकी जान बच सकती है।**

Professor Brendan Murphy
मुख्य चिकित्सा अधिकारी

<DATE>

NBCSR XXXX